परिपत्र-   अभ्यास

निम्नलिखित प्रश्नों का अभ्यास विद्यार्थी स्वयं करें-

१. राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के मुख्य सचिव की ओर से सभी राज्य सरकारों को एक परिपत्र लिखिए, जिसमें सभी सरकारी कार्यालयों में हिन्दी भाषा एवं देवनागरी लिपि के प्रयोग के लिए कहा गया है|

२. गृह मंत्रालय के मुख्य सचिव की ओर से सभी राज्य सरकारों को एक परिपत्र लिखिए, जिसमें सरकारी सेवाओं में रिक्त पदों पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के द्वारा भरे जाने के लिए कहा गया है|

३. राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव की ओर से सभी जिलाधिकारियों को परिपत्र लिखकर खाद्यान्न उपलब्धता की वास्तविक स्थिति की जानकारी माँगे|

४. जिला कलेक्टर, जयपुर की ओर से अभी सरकारी संस्थानों को परिपत्र लिखिए, जिसमें स्वच्छ पीने के पानी की व्यवस्था करने को कहा गया हो|

५. राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव की ओर से सभी जिलाधिकारियों को परिपत्र लिखिए, जिसमें राज्य में बाल श्रमिकों की सूचना मांगी गयी हो|